अनूप जलोटा

अकादेमी पुरस्कारः संगीत की अन्य प्रमुख परम्पराएँ (सुगम संगीत)

ANUP JALOTA

Akademi Award: Other Major Traditions of Music (Sugam Sangeet)

उत्तराखंड के नैनीताल में, संगीतकारों के परिवार में 29 जुलाई 1953 को जन्मे, श्री अनूप जलोटा ने अपने पिता और गुरु पुरुषोत्तमदास जलोटा से हिन्दुस्तानी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपका सम्बंध शाम चौरासी घराने से है।

अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए विख्यात, श्री अनूप जलोटा भजन, गजल और गीत गायन में समान रूप से निपुण हैं। आपने रॉयल अल्बर्ट हॉल, वेम्बलीय लिंकन सेंटर, न्यूयॉर्क; मैडिसन स्क्वायर गार्डन, न्यूयॉर्क; सिडनी ओपेरा हाउस, सिडनी सहित देश–विदेश में आयोजित होने वाले कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। श्री अनूप जलोटा ने कई फिल्मों को अपनी आवाज दी है। आपने बहुत से छात्रों को सुगम संगीत की तालीम भी दी है।

सुगम संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, आपको देश–विदेश के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें वर्ष 2012 में भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया पद्म श्री; ब्रिटिश संसद 'हाउस ऑफ कॉमन्स' द्वारा अभिनंदन; और 'गोल्डन ग्लोब' अवॉर्ड, अमेरिका; और कांची शंकराचार्य मठ, कांचीपुरम द्वारा गंधर्व गान मणि पुरस्कार; और सुर सिंगार संसद, मुंबई द्वारा राशेश्वर पुरस्कार प्रमुख हैं।

श्री अनूप जलोटा को सुगम संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 29 July 1953 at Nainital in Uttarakhand in a family of musicians, Shri Anup Jalota received his training in Hindustani music from his father and guru Purushottamdas Jalota. He belongs to the Sham Chaurassi gharana.

Known for his versatility, he is equally adept in singing bhajan, ghazal and geet. He has performed in many prestigious music festivals in India and abroad, such as at Royal Albert Hall, Wembley; Lincoln Center, New York; Madisson Square Garden, New York; Sydney Opera House, Sydney. Shri Anup Jalota has lent his voice to many films. He has many students.

For his contribution in the field of Sugam Sangeet, he has been honoured with many prestigious titles and awards from various prominent cultural institutions around the world. These include the Padma Shri conferred by the Government of India in 2012; a felicitation by the British Parliament 'House of Commons'; and the 'Golden Globe' Awards, U.S.A; and the Gandharva Gan Mani Award by the Kanchi Sankaracharya Math, Kanchipuram; and the Rasheshwar Award by Sur Singar Samsad, Mumbai.

Shri Anup Jalota receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for his contribution to Sugam Sangeet.